(ख) क्या यह भी सच है कि देश में लगभग 8 लाख टेलीफोनों की प्रतिष्ठापित क्षमता का प्रयोग नहीं हो रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से से (ग) जो नहीं । 31-1-94 की स्थिति के अनुसार क्षमता के उपयोग का प्रतिशत 84.6 है । अतिरिक्त संस्थापित क्षमता का पूर्ण उपयोग कुछ महीनों की अवधि के दौरान पंजीकृत मांग के आधार पर हो जाता है ।

दूरसंचार प्रणाली का विस्तार तथा आधुनिकीकरण

2008. **श्रीमती वीणा वर्मा :**
श्री रजनी रंजन साहू :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 31 जनवरी, 1994 की "पत्रिका" में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि लेखा-परीक्षण संबंधी आपत्तियों तथा लेखा-परीक्ष प्रणाली, दूरसंचार प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिये गंभीर चुनौती प्रस्तुत कर रही है और इसके विस्तार तथा आधुनिकीकरण संबंधी योजनाओं को तब तक के लिये विलंम्बित रख रही है, जब तक कि पुरानी मशीनरी और उपकरण अपनी उपयोगिता की अवधि पूरी न कर लें; और

(ख) यदि हां, तो जनता की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये दूरसंचार प्रणाली के स्वतंत्र तथा निर्बाध विस्तार तथा इसके आधुनिकीकरण को सुनिश्चित कराने हेतु कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) दूरसंचार प्रणाली के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए लेखा परीक्षा संबंधी आपत्तियों तथा लेखा परीक्षा प्रणाली ने समस्या पैदा नहीं की है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

ग्राम पंचायतों में डाक व तार घर

2009. **श्रीमती चंद्रिका अभिनन्दन जैन** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र तथा गुजरात में अनेक ग्राम पंचायतों को डाक व तार की सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं ;

(ख) यदि हां, तो देश में राज्यवार ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें हैं ;

(ग) क्या सरकार देश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में डाक व तार घर खोलने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो कब तक तथा इस संबंध में निर्धारित लक्ष्य, यदि कोई है, को प्राप्त करने हेतु कौन-कौन से कदम उठाये गये हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) डाक सुविधाएं सभी गांवों में उपलब्ध है । किन्तु, गुजरात की 5235 ग्राम पंचायतों तथा महाराष्ट्र को 15,302 ग्राम पंचायतों में डाकघर नहीं हैं, तथापि इन राज्यों के अनेक गांवों में तार सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) देश की ऐसी ग्राम पंचायतों की संख्या का सर्किलवार ब्यौरा क्रमश. विवरण-1 तथा विवरण-2 में दिया गया है, जिनमें डाकघर व तार सुविधायें नहीं हैं । (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) देश की सभी ग्राम पंचायतों में, जो दूरी, जनसंख्या तथा